संख्याः 2–232/2021–हि0प्र0वि0वि0(सा0)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
"सामान्य प्रशासन शाखा"

प्रेषित,

विश्वविद्यालय कोर्ट के
सभी सम्माननीय सदस्य

दिनांकः शिमला–5, 22 APR 2022

विषयः– विश्वविद्यालय कोर्ट की 33वीं बैठक की कार्यवाही।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय कोर्ट की 33वीं बैठक जो दिनांक 07–04–2022 को 11:00 बजे पूर्वाहन् विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही आपके अवलोकन एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है ।

भवदीय,

कुलसचिव
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः सम । दिनांकः 22 APR 2022

प्रतिलिपि कार्यवाही की प्रति सहित प्रेषित हैः–

1. सचिव कुलाधिपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल, हि०प्र० राज भवन, शिमला।
2. अधिष्ठाता अध्ययन/छात्र कल्याण/मुख्य छात्रपाल/निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र/ वित्त अधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक, हि०प्र०वि०, शिमला–5
3. समस्त संकायों के अधिष्ठाता/ समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष, हि०प्र०वि०, शिमला–5
4. संयुक्त परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग/ उप–कुलसचिव (स्था०), हि०प्र०वि०, शिमला–5
5. प्राचार्य, हि०प्र०वि०, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला–1
6. सचिव–कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
7. प्रभारी, वैब–साईट, हि०प्र०वि०, शिमला–5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
8. अनुभाग अधिकारी (कुलपति कार्यालय), हि०प्र०वि०, शिमला–5
9. विशेष निजी सचिव–कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
10. रक्षक मिसिल।

कुलसचिव

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय**
**ज्ञान–पथ, समरहिल, शिमला–171 005**
**सामान्य प्रशासन शाखा**

# विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 07–04–2022 को आयोजित की गई बैठक की कार्यवाही

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक दिनांक 07–04–2022 को पूर्वाह्न 11:00 बजे श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. आचार्य सत प्रकाश बंसल, माननीय कुलपति, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
2. आचार्य रघुविन्दर सिंह, अधिष्ठाता विधि, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
3. आचार्य आनन्द सागर, अधिष्ठाता जीवन विज्ञान, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
4. आचार्या ममता मोकटा, अध्यक्ष लोक प्रशासन, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
5. डॉ. नीरंजना भंडारी, अध्यक्ष समाज शास्त्र और सामाजिक कार्य, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
6. श्रीमती नीलम कौशिक, प्रधानाचार्य, रा० महाविद्यालय, सोलन, हि०प्र०।
7. श्री कमलेश ठाकुर, प्रधानाचार्य, रा० महाविद्यालय, चैलकोटी, शिमला, हि०प्र०।
8. श्रीमती अन्जु सहगल, प्रधानाचार्य, रा० महाविद्यालय, हमीरपूर, हि०प्र०।
9. श्रीमती वीना राठौर, प्रधानाचार्य, रा० महाविद्यालय, पाँवटा साहिब, हि०प्र०।
10. डॉ. नवेन्दु शर्मा, प्रधानाचार्य, RKMV, शिमला, हि०प्र०।
11. श्री संदीप गुप्ता, सहायक आचार्य–संगीत, रा० महाविद्यालय, दिग्गल, सोलन, हि०प्र०।
12. आचार्य मोहन झारटा, समाज शास्त्र विभाग, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
13. डॉ. (श्रीमती) संजना शमशेरी, आचार्य अंग्रेजी विभाग, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
14. आचार्य पी.के. गर्ग, अधिष्ठाता, पर्यावरण विकास एवं सतत् अध्ययन संकाय, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
15. आचार्य नागेश ठाकुर, अधिष्ठाता, अभियांत्रीकी एवं तकनीकी संकाय, हि०प्र०वि०वि०, शिमला।
16. डॉ० अनिल कुमार जरयाल, प्राचार्य, राज० महाविद्यालय, खुण्डियां, कांगडा।
17. आचार्य यशवंत कुमार, हि०प्र०विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, हि०प्र०वि०, शिमला–5
18. आचार्य एन०के० शारदा, मांगल्यम, कंगनाधार, फेज-III, शिमला–9
19. आचार्य वी० पी० शर्मा, विशिष्ट भवन, नज़दीक पुलिस पोस्ट, समरहिल, शिमला–5
20. डॉ० अश्विनी राणा, सह आचार्य (अंग्रेजी), ICDEOL, हि०प्र०वि०शिमला–5
21. श्रीमती राज कुमारी, सहायक कुलसचिव, परीक्षा–III, हि०प्र०वि०शिमला–5
22. आचार्य प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता, School Life Sciences, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, कांगडा।
23. डॉ० आर.के. राजू (सेवानिवृत) कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर।
24. डॉ० मथुरा दास शर्मा, सह–आचार्य, संस्कृत महाविद्यालय, दोगी, ऊना।
25. श्री ललित पाठक, निदेशक, कृष्णा शिक्षण केन्द्र, नेरचौक, मण्डी।
26. श्री राम लाल, वरिष्ठ सहायक, MA (Political Science), हि०प्र०वि०शिमला।
27. अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
28. प्रधान सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
29. निदेशक (शिक्षा), हि०प्र० सरकार।
30. श्री सुनील शर्मा, कुलसचिव

# कुलपति महोदय का स्वागत भाषण

विश्वविद्यालय कोर्ट की 33वीं नियमित बैठक में मैं सभी सम्माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश व कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर जी का विश्वविद्यालय कोर्ट की 33वीं बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पधारने पर हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

23 मार्च, 2022 को मैंने विश्वविद्यालय के कुलपति के रुप में अतिरिक्त कार्यभार सम्भालते हुए नैक से सम्बन्धित बैठक की जिसमें सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शोध केन्द्रों के निदेशक व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लिए भी समीक्षा बैठक तथा समयबद्ध अंतिम कार्यरूप देने के लिए विचार विमर्श किया।

कर्मचारियों के साथ बैठकर उनकी दिक्कतों को समझा तथा उनके निवारण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, कुलसचिव, वित अधिकारी व सामान्य प्रशासन शाखा के अधिकारियों के साथ चर्चा की, वहीं छात्रों से सम्बन्धित सुविधाओं को चुस्त-दरुस्त करने के लिए निर्देश दिए।

परीक्षा परिणाम, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन तथा अन्य मदों के लिए ई0आर0पी0प्रणाली को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अधिष्ठाता अध्ययन, परीक्षा नियन्त्रक व कम्प्यूटर केन्द्र के अधिकारियों के साथ वहां कार्य करने में आ रही परेशानियों के बारे में बैठक की।

मैंने विश्वविद्यालय को दृष्टिपत्र-2030 तैयार करने के आदेश दिए हैं।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः-

1. दिनांक 28 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय के कैनेडियन अध्ययन केन्द्र द्वारा 'भारत और कनाडा के सम्बन्धों की समकालीन स्थिति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
2. दिनांक 28 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 'भाई हिरदा राम : मण्डी का एक महान क्रांतिकारी' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
3. दिनांक 29 मार्च, 2022 को हिमाचल प्रदेश के विधि विभाग में 5वां प्रो0 ओ0पी0चौहान स्मृति व्याख्यान श्रृंखला में आयोजित व्याख्यान माला में में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
4. दिनांक 29 मार्च, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ई.आर.पी. सिस्टम के सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में ई.आर.पी. सिस्टम के प्रत्येक मॉडयूल के लिए अलग-अलग प्रभारी बनेंगे ताकि ई.आर.पी. का कार्य सुचारु रुप से चल सके।
5. दिनांक 1 अप्रैल, 2022 को भारत के माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भी कार्यक्रम को देखने का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्राध्यापकवर्ग व विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी लोगों ने इस कार्यक्रम को बड़े उत्साह से देखा व सुना।
6. दिनांक 1 अप्रैल, 2022 को पूर्व छात्र संगठन के समन्वयक एवं पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
7. दिनांक 4 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन तथा नैक से सम्बन्धित विषय को लेकर विशेष बैठक की अध्यक्षता की।

8. दिनांक 5 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री विश्वनाथ आर्लेकर जी ने विश्वविद्यालय की विकलांगता नीति का विमोचन किया।
9. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग अध्ययन विभाग द्वारा 'समृद्धि के लिए योग' विषय पर आयोजित योगोत्सव में में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

इससे पूर्व :

10. दिनांक 10 फरवरी, 2021 को हिमाचल प्रदेश के मुख्य मन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य योजना बोर्ड की बैठक में भाग लिया।
11. दिनांक 11 फरवरी, 2021 को दीन दयाल उपाध्याय पीठ द्वारा उनकी 53वीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
12. दिनांक 11 फरवरी, 2021 को सी0पी0डब्ल्यू0डी0 की तकनीकी समिति की बैठक में भाग लिया।
13. दिनांक 11 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।
14. दिनांक 12 फरवरी, 2021 को होटल पीटर हॉफ में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मन्त्री जी की अध्यक्षता में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति'' विषय पर आधारित एक कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मन्त्री भी उपस्थित थे।
15. दिनांक 12 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के विज्ञान कक्ष में पांगी छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
16. दिनांक 15 फरवरी 2021 को भारतीय शिक्षण मण्डल, हिमाचल प्रान्त, नीति आयोग एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
17. दिनांक 17 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
18. दिनांक 17-19 फरवरी, 2021 को ऑनलाईन मोड के तहत विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शैक्षणिक प्रशासन के लिए शैक्षक व्यवस्थापन हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
19. दिनांक 1 मार्च, 2021 को ऑनलाईन ''राष्ट्रीय विज्ञान दिवस'' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
20. दिनांक 16 मार्च, 2021 को विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।
21. दिनांक 18 मार्च, 2021 को नीति आयोग द्वारा आयोजित ऑनलाईन दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
22. दिनांक 18 मार्च, 2021 को समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र के निदेशक व शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।
23. दिनांक 18 मार्च, 2021 को कुलपति कार्यालय में अधिष्ठाता अध्ययन तथा सभी अधिष्ठाता संकायों के साथ विश्वविद्यालय में शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।
24. दिनांक 20 मार्च, 2021 को विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता एवं विश्वस्नीयता प्रकोष्ठ में नव नियुक्त सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

25. दिनांक 20 मार्च, 2021 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यकारिणी परिषद् की ऑनलाईन बैठक में भाग लिया।

26. दिनांक 23 मार्च, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में दीन दयाल उपाध्याय पीठ के तत्वावधान में **सामाजिक समरसता-पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय और** हिमाचल प्रदेश **सिख पंथ** विषय पर व्याख्यान की अध्यक्षता की।

27. दिनांक 23 मार्च, 2021 को भारतीय विश्वविद्यालय संघ के द्वितीय स्थापना दिवस व्याख्यान में ऑनलाईन भाग लिया।

28. दिनांक 26 मार्च, 2021 को विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ''हिन्दी साहित्य के बदलते परिदृश्य'' विषय पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

29. दिनांक 1 अप्रैल, 2021 को डॉ. केशव बलिराम हेड़गेवार पीठ द्वारा विश्वविद्यालय में डॉ. केशव बलिराम हेड़गेवार के जन्म दिवस के सुअवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

30. दिनांक 1 अप्रैल, 2021 को विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन विभाग ने ''रामायण की प्रासंगिकता -वर्तमान के परिपेक्षय'' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

31. दिनांक 1 अप्रैल, 2021 को विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग ने ''फानिश्वर नाथ रेनू जन्म शताब्दी - आंचलिक साहित्य'' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

32. दिनांक 23 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में आयोजित संचालन परिषद् की बैठक में भाग लिया।

33. दिनांक 27 अप्रैल, 2021 को कुलपति कार्यालय में विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण कोष समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

34. दिनांक 20 मई, 2021 को हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ द्वारा ''रोगों को दूर भगाओ'' विषय पर आयोजित तेंतीय दिवसीय योग शिविर के उद्घाटन समारोह में ऑनलाईन मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

35. दिनांक 7 जून, 2021 को माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के साथ (एन.सी.सी.) के सम्बन्ध में आयोजित ऑनलाईन बैठक में भाग लिया।

36. दिनांक 7 जून, 2021 को कुलपति कक्ष में विश्वविद्यालय के सौन्दर्यीकरण से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

37. दिनांक 7 जून, 2021 को कुलपति कक्ष में आयोजित विश्वविद्यालय निर्माण शाखा के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

38. दिनांक 8 जून, 2021 को कुलपति कक्ष में विश्वविद्यालय के चरण-2 परिसर घणाहट्टी शिमला के निर्माण से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

39. दिनांक 8 जून, 2021 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में कोविड-19 महामारी के दौरान शिक्षा नीति को लेकर माननीय शिक्षा मन्त्री के साथ बैठक में भाग लिया।

40. दिनांक 10 जून, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के समिति कक्ष में ''टास्क फोर्स-राज्य में नई शिक्षा नीति-2020 का कार्यान्वयन'' विषय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

41. दिनांक 21 जून, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाईन आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

42. दिनांक 25 जून, 2021 को विश्व संवाद सेवा एवं विश्वविद्यालय में स्थापित दीन दयाल उपाध्याय पीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

43. दिनांक 1 जुलाई, 2021 को कुलपति कक्ष में विश्वविद्यालय में ई.आर.पी. सिस्टम के सम्बन्ध में अधिष्ठाता अध्ययन, कुलसचिव, परीक्षा नियन्त्रक, वित्त अधिकारी तथा प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

44. दिनांक 6 जुलाई, 2021 को कुलपति कक्ष में विश्वविद्यालय के 52वें स्थापना दिवस के सम्बन्ध में अधिष्ठाता अध्ययन, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, उप-नियन्त्रक वित, मुख्य छात्रपाल, अधिशासी अभियन्ताओं, आचार्य नागेश ठाकुर, आचार्य नैन जीत सिंह, सहायक कुलसचिव व अनुभाग अधिकारी सामान्य प्रशासन के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

45. दिनांक 6 जुलाई, 2021 को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, निगम विहार, शिमला में राज्य पात्रता परीक्षा-2019 की संचालन समिति की बैठक में भाग लिया।

46. दिनांक 13 जुलाई, 2021 को राज भवन, शिमला में नव नियुक्त राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर जी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

47. दिनांक 15 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय विधि विभाग के समिति कक्ष में ''सूचना का अधिकार अधिनियम-2005'' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

48. दिनांक 19 जुलाई, 2021 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र की कार्यकारिणी परिषद् की बैठक में ऑनलाईन भाग लिया।

49. दिनांक 22 जुलाई, 2021 को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मन्त्री, श्री जय राम ठाकुर जी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित भारत रत्न एवं पूर्व प्रधान मन्त्री, स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल के नवनिर्मत भवन (फेज़-4), मानव संसाधन केन्द्र के भवन, परीक्षा सामग्री भण्डारण कक्ष का भी लोकार्पण किया गया तथा विश्वविद्यालय पुस्तकालय भवन व विश्वविद्यालय संकाय भवन के जीर्णोद्धार के उपरान्त उनका लोकार्पण एवं तथा कुलपति कार्यालय के सामने निर्मित पार्किंग व सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण भी उनके कर कमलों द्वारा किया गया।

50. दिनांक 22 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय द्वारा अपना 52वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता, श्रद्धेय श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर जी, माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा की गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के माननीय मुख्यमन्त्री, श्री जय राम ठाकुर जी रहे। इसके अतिरिक्त समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रुप में प्रदेश के माननीय शिक्षा, भाषा, कला एवं संस्कृति मन्त्री, श्री गोविन्द सिंह ठाकुर जी एवं प्रदेश के माननीय शहरी विकास, नगर एवं ग्राम योजना, आवास, विधि एवं सहकारिता कार्य मन्त्री, श्री सुरेश भारद्वाज उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त माननीय कुलाधिपति जी द्वारा कुलपति सचिवालय के डॉ.केशव बलिराम हड़गेवार समिति कक्ष के जीर्णोद्धार के उपरान्त लोकार्पण किया गया।

51. दिनांक 29 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय के सभागार में आंतरिक गुणवत्ता विश्वसनीयता प्रकोष्ठ द्वारा एस.एस.आर. विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

52. दिनांक 30 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में जैव प्रौद्योगिकी विभाग में नवनिर्मित 'प्रयोगशाला व हरिओम अग्रवाल सम्मेलन कक्ष' का उद्घाटन किया। इसके उपरान्त कुलपति कार्यालय के सामने स्थापित नैस कैफे फूड ज्वाईंट का लोकार्पण, योजना एवं विकास तथा आंतरिक गुणवत्ता विश्वसनीयता प्रकोष्ठ कार्यालयों, पुस्तकालय में आटोमेशन (स्वच्चालन) प्रक्रिया का भी उद्घाटन किया गया।

53. दिनांक 30 जुलाई, 2021 को मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में आयोजित राज्य नवाचार परिषद् की बैठक में भाग लिया।

54. दिनांक 31 जुलाई, 2021 को विश्वविद्यालय कुलपति समिति कक्ष में अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, मुख्य छात्रपाल, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों के साथ शैक्षणिक सत्र के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।

55. दिनांक 4 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय सभागार में हिमाचल निर्माता डॉ.वाई.एस. परमार की जयन्ती पर ''डॉ.वाई.एस.परमार का जीवन दर्शन और पहाड़ी भाषा चिन्तन'' विषय पर डॉ. वाई एस परमार पीठ द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

56. दिनांक 6 अगस्त, 2021 को माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के साथ राज भवन में शिष्टाचार स्वरूप भेंट की।

57. दिनांक 9 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय के डॉ.केशव बलिराम हेड़गेवार समिति कक्ष में आयोजित विश्वविद्यालय विज्ञान उपकरण केन्द्र के सुदृढ़ीकरण और इसकी भावी गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।

58. दिनांक 9 अगस्त, 2021 को यू.आई.टी. के सिविल इंजिनियरिंग विभाग द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबन्धन ढ़ांचा बैठक में ऑनलाईन भाग लिया।

59. दिनांक 11 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय के डॉ.केशव बलिराम हेड़गेवार समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

60. दिनांक 12 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन विभाग द्वारा ''आज़ादी का अमृत महोत्सव-भारत की आज़ादी के 75 साल'' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

61. दिनांक 13 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय के इतिहास एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा ''हिमाचल प्रदेश का स्वतन्त्रता संग्राम'' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

62. दिनांक 13 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान तथा शुलिनि विश्वविद्यालय विधि स्कूल, सोलन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

63. दिनांक 13 अगस्त, 2021 को राज भवन में आयोजित भारतवर्ष के 75वें स्वतन्त्रता दिवस समारोह से सम्बन्धित बैठक में भाग लिया।

64. दिनांक 13 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर घणाहट्टी की ज़मीन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

65. दिनांक 13 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान तथा श्री बद्रिका आश्रम-सह चैरिटेबल सोशल वेलफेयर सोसाईटी, सिरमौर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

66. दिनांक 15 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन विभाग द्वारा ''मुंशी प्रेम चन्द का साहित्य'' विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

67. दिनांक 15 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में 75वां स्वतन्त्रता दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्व0 श्री डोला राम, हवलदार, कारगिल शहीद के पुत्र व पुत्रवधु को सम्मानित किया गया।

68. दिनांक 15 अगस्त, 2021 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विश्वविद्यालय खेल मैदान में 75वें स्वतन्त्रता दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

69. दिनांक 16 अगस्त, 2021 को विश्वविद्यालय कुलपति सचिवालय के डॉ.केशव बलिराम हेड़गेवार समिति कक्ष में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की तीसरी पुण्य तिथि पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मन्त्री, श्री गोविन्द सिंह ठाकुर तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामन्त्री (संगठन), श्री पवन राणा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

70. दिनांक 24 अगस्त, 2021 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, क्षेत्रीय केन्द्र, धर्मशाला तथा विभिन्न केन्द्रों / संस्थानों में नव-नियुक्त आचार्यों, सह-आचार्यों एवं सहायक आचार्यों के साथ विश्वविद्यालय सभागार में विचार-विमर्श किया गया।

71. दिनांक 26 अगस्त 2021 को विश्वविद्यालय में स्थापित ई.आर.पी. सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

72. दिनांक 6 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के गणित विभाग की बैठक की ऑनलाईन अध्यक्षता की।

73. दिनांक 7 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के विधि विभाग तथा पीएचडी बौधिक संपदा सुविधा केन्द्र नई दिल्ली, के संयुक्त तत्वावधान में "उद्यमिता पर विशेष ध्यान देने के साथ नवाचार बौद्धिक संपदा के अधिकार" विषय पर आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

74. दिनांक 10 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, निदेशकों के साथ "आज़ादी का अमृत महोत्सव" विषय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

75. दिनांक 11 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के यू0आई0टी0, के स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

76. दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 'हिन्दी उत्सव' के अवसर पर आयोजित 'वर्चुअल मीटिंग' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

77. दिनांक 16, 17, 20 व 21 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय द्वारा गठित विभिन्न समितियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

78. 17 सितम्बर, 2021 को भारत के माननीय प्रधान मन्त्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के सुअवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रावासों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

79. दिनांक 17 सितम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र (इक्डोल) ने इकोमओसियाना टेक्नोलॉजी प्रा.लि. मोहाली, पंजाब के साथ कौशल विकास, परिणाम आधारित प्रशिक्षण, प्लेसमेंट, अनुसंधान एवं विकास सम्बन्धित सेवाओं के सम्बन्ध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

80. दिनांक 22 सितम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में आयोजित वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

81. दिनांक 23 सितम्बर, 2021 को सैंट बीड्स कॉलेज, शिमला द्वारा "आई.एस.सी.ए. चैप्टर शिमला" विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

82. दिनांक 23 सितम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा "हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ" विषय पर आयोजित वेबिनार की ऑनलाईन अध्यक्षता की।

83. दिनांक 27 सितम्बर, 2021 को होटल पीटर हॉफ, शिमला में हिमाचल प्रदेश उच्चतर शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित बैठक में भाग लिया।

84. दिनांक 28 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में हमीरपुर छात्र संघ द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

85. दिनांक 28 सितम्बर, 2021 को एन.आई.डी.एम. भारत सरकार तथा यू.आई.टी. के संयुक्त तत्वावधान में हिमालयी क्षेत्र मे आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढ़ांचे पर तीन दिवसीय ऑनलाईन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

86. दिनांक 1 अक्तूबर, 2021 को कुलसचिव, निदेशक (यू.आई.एल.एस) तथा वित्त अधिकारी के साथ विश्वविद्यालय के विधिक अध्ययन संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

87. दिनांक 4 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय तथा इंस्पाईर आर्टस फाउंडेशन द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय ऑन-लाईन सम्मेलन "सांस्कृतिक अध्ययन" में मुख्य अतिथि के रूप में भाग की।

88. दिनांक 5 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय में "विश्व अध्यापक दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

89. दिनांक 5 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय की "कॉफी टेबल बुक" के प्रकाशन से सम्बन्धित प्रगति के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता की।

90. दिनांक 6 अक्तूबर, 2021 को भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ "Leadership Development on Circular Economy" विषय पर आयोजित ऑनलाईन कार्यशाला में भाग लिया।

91. दिनांक 6, 7, 8 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के उत्थान से सम्बन्धित गठित विभिन्न समितियों के साथ आयोजित बैठकों की अध्यक्षता की।

92. दिनांक 11 अक्तूबर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र संघ की संचालन मण्डल की बैठक की अध्यक्षता की।

93. दिनांक 12 अक्तूबर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान तथा कैरियर प्वाईट विश्वविद्यालय, भोरंज, जिला हमीरपुर के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

94. दिनांक 18 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय के यू.आई.टी. द्वारा सभागार में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

95. दिनांक 18 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय के समन्वयकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

96. दिनांक 19 अक्तूबर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा राजस्व आपदा प्रबन्धन विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

97. दिनांक 25 अक्तूबर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा Research for Resurgence Foundation (RFRF), Nagpur के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

98. दिनांक 25 अक्तूबर, 2021 को विश्वविद्यालय सभागार में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शोध एवं भारतीय ज्ञान परम्परा का योगदान" विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

99. दिनांक 27 अक्तूबर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग तथा डॉ. भीम राव अम्बेदकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

100. दिनांक 29 अक्तूबर, 2021 को प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवम् विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में चयनित प्रतिभागियों के सम्मान में संकल्प फांउडेशन व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया।

101. दिनांक 8 नवम्बर, 2021 को कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित "Azadi Ka Amrit Mahotsav: Ecological Concerns in Select Punjabi Fiction" विषय पर ऑन-लाईन प्रस्तुति में भाग लिया।

102. दिनांक 8 नवम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में ''सामाजिक और ऐतिहासिक विज्ञान अनुसंधान पद्धति'' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

103. दिनांक 9 नवम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छतीसगढ़ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

104. दिनांक 9 नवम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारियों एवं पूर्व छात्र समन्वयकों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी भी उपस्थित रहे।

105. दिनांक 9 नवम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता प्रकोष्ठ की विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

106. दिनांक 12 नवम्बर, 2021 को गेयटी थियेटर, शिमला में आयोजित ''स्वाधीनता के 75-वर्ष'' कार्यक्रम में भाग लिया।

107. दिनांक 15 नवम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री राजेंद्र विश्वनाथस आर्लेकर जी ने ''उंमग फांउडेशन'' द्वारा विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित ''दिव्यांगजनों की प्रतिभा का सम्मान'' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

108. दिनांक 23 नवम्बर, 2021 को अमेरिकी दूतावास, नई-दिल्ली से आए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक में भाग लिया।

109. दिनांक 24 नवम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के ई.आर.पी. सिस्टम को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से ई.आर.पी., नई-दिल्ली के पदाधिकारियों तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव, अधिष्ठाता योजना, वित्ताधिकारी, उप-कुलसचिव (मूल्यांकन), प्रभारी कम्पयूटर केन्द्र एवम् डॉ0 सुमेश सूद, सह-आचार्य (ईकडोल) के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

110. दिनांक 25 नवम्बर, 2021 को केन्दीय लोक निर्माण विभाग, शिमला के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता तथा विश्वविद्यालय के अधिशासी अभियन्ताओं (निर्माण एवम् रख-रखाव) के साथ विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

111. दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय सभागार में शारीरिक शिक्षा एवम् युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा अयोजित खेल-कूद एवम् अन्य गतिविधियों से सम्बन्धित 49वीं वार्षिक बैठक की अध्यक्षता की।

112. दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार समिति कक्ष में आयोजित ''संविधान दिवस'' कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के माननीय शिक्षा मन्त्री श्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

113. 29 नवम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित "वैदिक गणित" ऑन-लाईन कार्यशाला की अध्यक्षता की।

114. दिनांक 6 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की डॉ.भीमराव अम्बेडकर पीठ द्वारा उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर "महापरिनिर्वाण दिवस" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय थे। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता श्री किस्मत कुमार, प्रान्त कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हिमाचल प्रदेश थे।

115. दिनांक 6 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के "पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र" के भवन में स्थापित शिक्षकों, कर्मचारियो, विद्यार्थियों व आगंतुकों हेतु "जलपान व भोजन सुविधा स्थल" का लोकार्पण हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया। यह जलपान स्थल बिलासपुर नम्होल के कामधेनु दुग्ध उत्पाद केन्द्र के माध्यम से विश्वविद्यालय समुदाय को बाजार से सस्ते दामों पर भोजन एवं अन्य सामग्री उपलब्ध करवाएगा।

116. दिनांक 8 दिसम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में नशामुक्ति कार्यक्रम हेतु नशामुक्ति समिति के सदस्यों की बैठक में अध्यक्षता की।

117. दिनांक 9 दिसम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में कुलसचिव, अधिशासी अभियन्ता-सीपीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियन्ता, के साथ विश्वविद्यालय में बहु संकाय फेज़-।।। के निर्माण कार्य सम्बन्धित बैठक अध्यक्षता की।

118. दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में विकास एवं सौन्दर्यीकरण के तहत अनेक कार्य किए जा रहे हैं जिस कड़ी में अधिष्ठाता अध्ययन कार्यालय के "जीर्णोद्धार" तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, मॉडल स्कूल की "कम्प्यूटर प्रयोगशाला एवं दो स्मार्ट क्लासरूम" का लोकार्पण किया, जिससे विश्वविद्यालय के छात्रों व मॉडल स्कूल के छात्रों को और अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

119. दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा 'गणित विज्ञान में हाल के रुझान' विषय पर आयोजित ऑनलाईन सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

120. दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 को एम.सी.एम डी.ए.वी महाविद्यालय कांगड़ा में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

121. दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को यू.आई.टी के उत्कर्ष कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।

122. दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इक्डोल और बेनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड 'द टाइम्स ग्रुप' के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

123. दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में हमीरपुर छात्रसंघ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा हिमाचल प्रदेश कामगार बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ.राकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

124. दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को गौतम महाविद्यालय हमीरपुर, हि.प्र. में महिला कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

125. दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 को गणित विभाग एवं सांख्यिकी विभाग ने एक महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 134वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर श्रीनिवास रामानुजन के भिति चित्र का भी अनावरण किया।

126. दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पूर्व में रहे वित्त अधिकारी श्री बी.एल.शुक्ला के विदाई समारोह की अध्यक्षता की।

127. दिनांक 24 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की छात्र परामर्श समिति (एसीसी) की विभागीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

128. दिनांक 25 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती को **सुशासन दिवस** के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य सुश्री इन्दू गोस्वामी रहीं। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के कार्यकारी निदेशक आचार्य चमन लाल गुप्ता थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

129. दिनांक 27 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र **इक्डोल** की आंतरिक गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता प्रकोष्ठ केन्द्र (**सी.आई.क्यू.ए.सी**) की बैठक की अध्यक्षता की।

130. दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, सभी केन्द्रों के निदेशकों के साथ नैक/एन.आई.आर.एफ एवं कई शैक्षणिक मुद्दों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

131. दिनांक 1 जनवरी, 2022 को रोटरी टाउन हॉल शिमला में सेतू के लोकार्पण हेतु मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

132. दिनांक 12 जनवरी, 2022 को विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

133. दिनांक 26 जनवरी, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम एवम् हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य पर 97 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी श्री किरपा राम, सुपुत्र स्व0 श्री कहनू राम, गांव खन्न, डाकघर चान्दपुर, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर श्री किरपा राम जी को प्रशस्ति पत्र, शॉल तथा हिमाचली टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

134. दिनांक 14 फरवरी, 2022 को कनाडा के महावाणिज्य दूतावास श्री पैट्रिक हेबर्ट से विश्वविद्यालय में शिष्टाचार स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर संयुक्त शैक्षणिक और अनुसंधान संभावनाओं से सम्बन्धित कई मुद्दों पर चर्चा भी की गई।

135. दिनांक 23.02.2022 को विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन **"अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा एवं शासन संस्थान"** विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

136. दिनांक 26 फरवरी, 2022 को विश्वविद्यालय में ई.आर.पी. सिस्टम को और सुदृढ़ बनाने के लिए समिति के साथ बैठक आयोजित की गई।

137. दिनांक 28 फरवरी, 2022 को इंग्लिश टीचर्स फोरम और सांध्यकालीन विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान द्वारा प्रो. सोम प्रकाश रंचन स्मृति व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

138. दिनांक 8 मार्च, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में "Break The Bias" विषय पर एक कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

139. दिनांक 15 मार्च, 2022 को अपने क्षितिज को व्यापक बनाने के अपने प्रयासों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय औद्योगिक घरानों के अलावा भारत और विदेशों में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ सहयोग करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में इंडियाना यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया (आईयूपी) यू-एस-ए और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के बीच दीर्घकालिक सहयोग के लिए मसौदा समझौता साझा किया गया जिसमें छात्र, स्टाफ और फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, दोहरी डिग्री और अन्य अनुसंधान क्षेत्र शामिल हैं।

140. दिनांक 17 मार्च, 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, द, मॉल, शिमला और श्री बद्रिका आश्रम सामाजिक कल्याण सोसाईटी, सिरमौर के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

141. दिनांक 28 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कैनेडियन स्टडीज, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्योलय द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी **"भारत और कनाडा के संबंधों की समकालीन स्थिति"** विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

अब मैं कुलसचिव से आग्रह करता हूं कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को विश्वविद्यालय कोर्ट के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**मद सं0—1:** **विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 17.02.2021 को हुई 32वीं बैठक की कार्यवाही का पुष्टिकरण।**

..................

**विश्वविद्यालय कोर्ट ने अपनी पिछली बैठक दिनांक 17—02—2021 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण किया।**

**मद सं0—2:** विश्वविद्यालय कोर्ट की दिनांक 17.02.2021 को हुई 32वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।

..................

**विश्वविद्यालय कोर्ट ने दिनांक 17—02—2021 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट कर अनुमोदित किया।**

**मद सं0—3:** विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(2) 37 (1 व 2) के प्रावधान के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2019—20 विचारार्थ व स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

..................

**विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(2) 37(1 व 2) के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वर्ष 2019—20 के वार्षिक प्रतिवेदन को अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

**मद सं0–4:** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वर्ष 2017–2018 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को कार्यकारिणी परिषद् की बैठक दिनांक 21.02.2022 की मद संख्या 07 के अन्तर्गत अनुमोदित की गई है तथा अब इसे विश्वविद्यालय कोर्ट में अनुमोदन हेतु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधिनियम, 1970 (संशोधित) की धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप प्रस्तुत है।

.................

**विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 (संशोधित) की धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वर्ष 2017–2018 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

## यथा स्थान मदें

### माननीय सदस्या श्रीमती राज कुमारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवदेन

**मद सं0–1:** शारीरिक रूप से विकलांग आवास आबंटन श्रीमती पुष्पा चन्देल को आवास आबंटन हेतु।

.................

**माननीय कुलाधिपति/सभापति विश्वविद्यालय कोर्ट ने मामले पर कडा संज्ञान लेते हुए शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारी श्रीमती पुष्पा चन्देल, कनिष्ठ सहायक को आवास आबंटित करने हेतु विश्वविद्यालय अधिकारियों को मामले का परीक्षण कर उचित कार्यवाई करने के आदेश जारी किए।**

**मद सं0–2:** विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारियों के विभिन्न श्रेणियों एवं वर्गों के विज्ञापित स्वीकृत रिक्त पदों को शीघ्र–अति–शीघ्र भरने हेतु।

.................

**माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में माननीय कुलाधिपति और उपस्थित सम्मानीय सदस्यों को अवगत करवाया कि गैर–शिक्षकों के विज्ञापित पदों को भरने का मामला प्रक्रियाधीन है तथा इन्हें शीघ्र–अति–शीघ्र भरने हेतु विश्वविद्यालय प्रयासरत है। जिस पर माननीय कुलाधिपति/सभापति विश्वविद्यालय कोर्ट ने विश्वविद्यालय अधिकारियों को आदेशित किया कि**

**विज्ञापित गैर–शिक्षकों के पदों को 6 माह की अवधि तक भरा जाना सुनिश्चित करें।**

**<u>यथा स्थान चर्चाऐं</u>**

- माननीय सदस्या श्रीमती राजकुमारी ने पूर्व में वित्त समिति की बैठक दिनांक 22.09.2021 में कि गई सिफारिशों जिसमें सहायक कुलसचिव के 10 पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरने का मामला विश्वविद्यालय कोर्ट सदस्यों के समक्ष रखा और अनुरोध किया कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उक्त पदों को विश्वविद्यालय भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत शतप्रतिशत पदोन्नति द्वारा ही भरा जाए जिस पर माननीय सदस्यों ने मामले पर उचित कार्यवाही करने हेतु गठित समिति को आदेशित किया।
- माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय को निरन्तर शोध एवं अनुसंधान कार्यों को नवीनतम प्रोद्यौगिकी के साथ आगे बढाने हेतु प्रोत्साहित किया।

**माननीय कुलाधिपति महोदय ने विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में उपस्थित सदस्यों को अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा अपने सम्बोधन में कहा किः–**

- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की 33वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवम् कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि शिक्षक युवाओं विशेषरूप से छात्रों की सोच को बदल सकते हैं और नशा जैसी बुराईयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण एवम् प्रभावशाली भूमिका निभा सकते हैं।

- राज्यपाल ने कहा कि बीते दो वर्षों में कोरोना महामारी के कारण कार्य प्रभावित हुए हैं, लेकिन हमें मिलजुल कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए शान्त माहौल व बेहतरीन जलवायु है, जिसका उपयोग युवाओं को पूर्ण रूप से शिक्षा प्राप्त करने के लिए करना चाहिए।

- कुलाधिपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को शीघ्रातिशीघ्र लागू करने का आहवान् किया तथा युवाओं को उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई

दिव्यांग नीति की सराहना की तथा कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के साथ महाविद्यालयों में भी यह नीति शीघ्र ही लागू की जाएगी।

अन्त में कुलसचिव के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

सदस्य–सचिव
कुलसचिव हि०प्र०विश्वविद्यालय

सत्यापित

(आचार्य सत प्रकाश बंसल)
कुलपति, हि०प्र०विश्वविद्यालय

प्रतिहस्ताक्षर

(श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर)
कुलाधिपति/ सभापति